अनिवार्य शिक्षा

2389. **श्री अजीत जोगी :**
श्री राजूभाई ए० परमार :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों की संख्या कितनी है जहां शिक्षा को अनिवार्य घोषित कर दिया गया है ;

(ख) क्या सरकार इस संबंध में कोई नई योजना आरंभ करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री **अर्जुन सिंह**) : (क) 14 राज्यों तथा 4 संघशासित प्रदेशों में प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने के लिए कानून बनाए हैं ।

(ख) जी नहीं, केन्द्रीय सरकार के पास ऐसा कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ग) चूंकि शिक्षा को अनिवार्य बनाने संबंधी निर्णय स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर करता है अत: इस विषय में राज्य सरकारों/संघशासित प्रशासनों को निर्णय लेना चाहिए ।

Central University in Orissa

2390. SHRI SANTOSH KUMAR SAHU: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have received any request for setting up of a Central University in Orissa and/or for bifurcating the Utkal University; and

(b) the details of steps taken/proposed to be taken to set up a Central University in Orissa?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) and (b) proposal to establish a Central University in North Orissa received by the Government was referred to UGC for its views. According to the information furnished by UGC, the matter was considered by the Commission at its meeting held on 18-11-1991. The Commission was not in favour of the proposal in view of the constraint of financial resources.

Government had received a proposal from Orissa Government in January, 1991 for converting Utkal University into a Central University. The State Goernment was informed that Utkal University has been established under an Act of the State Legislature of Orissa and as a matter of policy, the Central Government do not convert State Universities into Central Universities.

एन० सी० ई० आर० टी० कम्प्यूटर स्कीम

2391. **श्री रणजीत सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 27 सितम्बर, 1991 को "स्टेट्समैन" में "एन. सी० ई० आर० टी० कम्प्यूटर स्कीम फेल्स" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि "कम्प्यूटर लिट्रेसी एण्ड स्टडीज प्रोग्राम" नामक योजना 1984-85 में कुछ विद्यालयों में क्रियान्वित की गई थी ;

(ग) यदि हां, तो उन विद्यालयों की संख्या कितनी है जहां यह योजना आरम्भ की गई थी तथा वित्त वर्ष 1990-91 के अन्त तक इस योजना के अन्तर्गत कुल कितनी राशि खर्च की गई ;

(घ) क्या सरकार को इस योजना के क्रियान्वयन में हुई अनेक अनियमितताओं